मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश,

1–तिलक मार्ग लखनऊ

पत्रांकः 70/2015 दिनांक 20-10-05, 2015

समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक/
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुसिल अधीक्षक,
उत्तर प्रदेश ।

विषयः विचाराधीन अभियोगों में गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के सम्बन्ध में न्यायालय से निर्गत प्रासेस के मूवमेंट एवं तामीला की समीक्षा।

दिनांक 28.09.2015 को महानिदेशक अभियोजन की अध्यक्षता एवं पुलिस महानिरीक्षक (अपराध) की उपस्थिति में सम्मन/वारण्ट की स्थिति बेहतर करने के सम्बन्ध में अभियोजन निदेशालय स्तर पर गोष्ठी की गयी। जिसमें कतिपय निर्णय सम्मन/वारण्ट तामीला को सुनिश्चित कराये जाने के सम्बन्ध में लिये गये। अतः उक्त निर्णयों के अनुपालन में आपके स्तर से निम्न कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है :–

1– सभी थानों के पैरोकारों द्वारा न्यायालय से निर्गत सम्मन/वारण्ट की प्रविष्टि न्यायालय के प्रासेस रजिस्टर पर करने के उपरान्त थाने की जी0डी0 में भी उनकी संख्या अंकित किया जाये।

2– प्रत्येक थाने में उपनिरीक्षक स्तर का एक पुलिस कर्मी अभियोगों की पैरवी के सम्बन्ध में नोडल नियुक्त किया जायेगा, जो माह में एक बार न्यायालय के प्रासेस रजिस्टर से थाने की जी0डी0 में दर्ज साक्षी संख्या से मिलान करेगा।

3– जनपदीय अपराध गोष्ठी में प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन/ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी सम्मन/वारण्ट तामीला के सम्बन्ध में थानेवार विवरण लेकर प्रतिभाग करेंगे जिससे तामीला की वास्तविक स्थिति की समीक्षा हो सके।

4– सत्र न्यायालय एवं मजिस्ट्रेट न्यायालय के लिये अलग–अलग दक्ष पैरोकार चिन्हित करके लगाया जाये। जो समय से न्यायालय पहुँचकर साक्षियों के सम्बन्ध में अभियोजक/न्यायालय को सूचना देंगे। जहाँ तक हो सके जनपदीय पुलिस कार्यालय में एक ही पटल पर सभी अनुभागों की डाक प्राप्त करा दी जाये, जिससे पैरोकारों का समय बचेगा।

5– गैर जनपदों के पुलिस साक्षियों के सम्मन/वारण्ट सम्बन्धित जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक के माध्यम से भेजे जायें तथा आवश्यकतानुसार उनके सम्मन/वारण्ट का तामीला वायरलेस के माध्यम से भी किया जाये, जिन्हें सम्मन सेल द्वारा आर0आई0 वायरलेस को प्राप्त कराया जाये।

इसी प्रकार चिकित्सक साक्षियों को भी सम्बन्धित जनपद के सी0एम0ओ/सी0एम0एस0 के माध्यम से वायरलेस आदेशिका भेजी जाय।

20/10/15

पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

प्रतिलिपिः–समस्त जोन पुलिस महानिरीक्षक,उ0प्र0।

पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।